# लापरवाह सुपरवाइजरों के वेतन रोकने के निर्देश

## संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने दिए निर्देश, एबीसी केंद्रों की स्थापना और डॉग शेल्टर्स का संचालन हो



नवभारत न्यूज

**सागर 6 जुलाई. कमिश्नर अनिल सुचारी की अध्यक्षता में नगरीय प्रशासन एवं विकास, महिला एवं बाल विकास तथा श्रम विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में कमिश्नर ने विभिन्न जनहितैषी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जिलेवार प्रगति की सघन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश जारी किए. कमिश्नर श्री सुचारी ने संभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन सीवर और वाटर सप्लाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए. विशेष रूप से दमोह में सीवरेज और वाटर बॉडी (जल संरचनाओं) के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संभागीय अधिकारी को निविदा प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण कर मैदानी स्तर पर काम तेज करने के लिए पाबंद किया. उन्होंने नगरीय निकायों द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं गहरीकरण कार्यों की जिलेवार स्थिति का जायजा लिया. प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रगतिरत शेष कार्यों को तत्काल पूर्ण करने तथा प्रधानमंत्री आवास 2.0 योजना के तहत स्वीकृत नवीन कार्यों को जियो-टैगिंग सहित अन्य तकनीकी औपचारिकताओं को अविलंब पूरा करने के निर्देश दिए.

बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान दमोह और पन्ना जिलों में लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रदर्शन और प्रकरणों के लंबित रहने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने कहा कि सभी जिले प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत अनिवार्य रूप से बढ़ाएं. इसके साथ ही उन्होंने स्वनिधि से समृद्धि अभियान, जिला मुख्यालयों पर एबीसी केंद्रों की स्थापना तथा श्वान आश्रय स्थलों के संचालन की जिलेवार प्रगति की भी समीक्षा की. महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने पोषण ट्रैकर ऐप पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पंजीयन की धीमी गति पर असंतोष जताया, जिसमें विशेष रूप से पन्ना, निवाड़ी और सागर जिलों की स्थिति असंतोषजनक पाई गई. उन्होंने संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के शत-प्रतिशत पंजीयन की स्थिति में तत्काल सुधार लाया जाए. लाड़ली लक्ष्मी योजना की लचर प्रगति पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने संबंधित सुपरवाइजरों का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए. इसके अतिरिक्त, उन्होंने कुपोषित बच्चों की सेहत में सुधार लाने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री बाल आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए. श्रम विभाग की समीक्षा के अंतर्गत कमिश्नर ने अनुग्रह सहायता योजना, ई-श्रम कार्ड और प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना की प्रगति को परखा और पात्र श्रमिकों को समय पर लाभान्वित करने को कहा. बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई.

# निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

## दो वर्ष पुराने प्रकरण में जिपं सदस्य सर्वजीत सिंह की गिरफ्तारी के विरोध स्वरूप

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जुलाई. दो वर्ष पुराने प्रकरण में जिला पंचायत सदस्य एवं अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध महासभा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह की बांदरी पुलिस द्वारा की गिरफ्तारी के विरोध स्वरूप लोधी क्षत्रिय समाज महासभा ने ज्ञापन सौंपा.**

महासभा ने गिरफ्तारी को दुर्भावनापूर्ण और षड्यंत्रपूर्वक की गई कार्रवाई बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जांच उपरांत प्रकरण समाप्त करने की मांग की है. गौरतलब है कि बांदरी थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे-44 स्थित एक ढाबा पर फायरिंग और तोड़फोड़ के करीब दो वर्ष पुराने मामले में जिपं सदस्य श्री सिंह को गिरफ्तार किया था.



एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सर्वजीत के विरुद्ध दर्ज प्रकरण के संबंध में 29 जुलाई 2024 को एसपी को आवेदन देकर पुनः जांच का अनुरोध किया गया था. उस समय पुनः जांच का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन उसके बाद दो वर्ष तक कोई निर्णय नहीं लिया गया और अचानक बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तारी कर ली गई. महासभा ने ज्ञापन में दावा किया है कि संबंधित शिकायतकर्ता स्वयं शपथपत्र देकर यह स्पष्ट कर चुका है कि जिस प्रकरण में सर्वजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है, उसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है. इसके बावजूद बिना निष्पक्ष जांच गिरफ्तारी की कार्रवाई किए जाने पर महासभा ने गंभीर सवाल उठाए हैं. मालूम हो कि एक दिन पूर्व पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था. ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच में यदि आरोप प्रमाणित नहीं होते हैं तो नियमानुसार प्रकरण समाप्त किया जाए.

# आचार्य संघ की अगवानी आज



नवभारत न्यूज

**सागर 6 जुलाई. आदर्श रेसिडेंसी में आचार्य श्री विभव सागर महाराज के ससंघ दर्शन कर विधायक शैलेंद्र जैन ने आशीर्वाद प्राप्त किया.**

विधायक श्री जैन ने कहा कि संतों का सान्निध्य समाज को सही दिशा प्रदान करता है. आचार्य श्री विभव सागर महाराज ने धर्म, संस्कार और मानवीय मूल्यों को जीवन का आधार बताते हुए सभी को आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संदेश दिया. कल मंगलवार को सुबह आचार्य संघ का विहार सागर नगर की ओर होगा. आचार्य संघ का चार्तुमास कटरा जैन मंदिर में होने जा रहा है.

## वार्डबॉय निलंबित

**सागर.** सीएमएचओ ने अनुशासनहीनता करने एवं थाना सुरखी में दर्ज जुआ प्रकरण एवं विभाग की छवि धूमिल करने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरकोटी के वार्डबॉय प्रताप सिंह चौहान को निलंबित किया गया है. श्री चौहान के विरुद्ध थाना सुरखी में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था. इसके अलावा गाड़ी की नंबर प्लेट पर सरपंच लिखकर रौब झाड़ना तथा जुआ फड़ चलाने के आरोप में किया गिरफ्तार शीर्षक से समाचार प्रकाशित हुआ. संबंधित कर्मचारी का उक्त कृत्य कदाचार की श्रेणी में आता है. श्री चौहान को तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया गया है.

# गलत डेटा फीड करने पर निलंबन के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जुलाई. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए. समीक्षा के दौरान पोर्टल पर स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों की प्रविष्टि में अनियमितता और लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया. कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए



कि जो भी एएनएम पोर्टल पर गलत या फर्जी डेटा अपलोड कर रही हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए. डेटा की सत्यता और शुद्धता से ही वास्तविक स्थिति का आकलन संभव है, यदि आवश्यक डाटा ही गलत भरे जाएंगे तो हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन सही नहीं हो पाएगा. इसलिए आंकड़ों में हेरफेर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए.



# भजन आधारित व्याख्यान हुए

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जुलाई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में सांगीतिक सत्र और भजनों की प्रस्तुति हुई.**

इस दौरान फेम गायक दिनेश दुबे ने भजन तू दयालु दिन हों तू दानी में भिखारी तुलसी कृत भजन की प्रस्तुति दी. डॉ. अवधेश तोमर ने भी अपनी सुमधुर प्रस्तुति दी. शोधार्थियों ने भी संगीत प्रतिभा का परिचय दिया. इस दौरान राजीव अग्रवाल डॉ. राहुल स्वर्णकार, शैलेंद्र राजपूत, प्रो. अशोक अहिरवार शोधार्थी स्तुति खंपरिया,अनुकृति रावत, आयुर्मन श्रीवास्तव और अंशुल आठिया सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे.

## एक नजर में




### विद्यालय में इन्वेस्टर सेरेमनी का आयोजन

**सागर.** सेंट मेरी विद्यालय गौर नगर मकरोनिया में इन्वेस्टर सेरेमनी का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि डीईओर अरविंद जैन और विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य सिस्टर अमृता और सिस्टर लीसी, प्रबंधक मैनेजर फादर साबू ,प्राचार्या श्रीमती सीजी मोल जोस उपस्थित रहे. छात्र परिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई गई तथा हेड बॉय, हेड गर्ल एवं कैबिनेट सदस्यों को बैच प्रदान किए गए. मुख्य अतिथि श्री जैन ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया. फादर साबू ने सेवा भाव और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला .प्राचार्या श्रीमती जोस ने नवगठित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी. राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ.



### अलायंस क्लब्स इंटरनेशनल की बैठक संपन्न

**सागर.** वर्तमान सत्र में किये जाने वाली सेवा गतिविधियों की रूपरेखा बनाने हेतु डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अलाय एमके जैन के आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गय. सभी सदस्यों द्वारा विभिन्न सेवा गतिविधियों पर विचार साझा किए कि पर्यावरण संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है. सदस्य सुखजीत सिंह अहलूवालिया के रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे योगदान पर सराहना की. क्लब में नए सदस्य अशोक वर्मा, सचिन बलैया का स्वागत किया गया. वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय इंजी रमेश सैनी द्वारा नए सदस्यों को क्लब के उद्देश्यों एवं डिस्ट्रिक्ट एवं इंटरनेशनल लेवल कार्यक्रमों से अवगत कराया. आभार सम्राट क्लब अध्यक्ष इंजी आरएस राजपूत ने माना.




### आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**सागर.** एआईएमआईएम ने जिला सदस्यता अभियान प्रभारी जाहिद मंसूरी के नेतृत्व में एसपी के नाम सीएसपी को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि नाजिया इलाही खान नामक महिला द्वारा सोशल मीडिया के सार्वजनिक मंच पर पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब, उनके परिवार तथा इस्लाम धर्म के संबंध में कथित रूप से अभद्र एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणियां की गई हैं. एआईएमआईएम ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष एवं गंभीर जांच कराई जाए. ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सदस्यता अभियान प्रभारी जाहिद मंसूरी, एड. समर कुरैशी, मेहबूब भाई मंसूरी, पप्पू मकरानी, जैनुल आबदीन, नसीम मकरानी, शकील मकरानी, आशिक भाई, फतेह भाई, सिकंदर भाई आदि मौजूद थे.

# बूथ कमेटियां गठित करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 6 जुलाई. बीएमसी के झांसी मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी नौशाद अली को झांसी मंडल की जिम्मेदारी मिलने के बाद जिला बसपा कार्यालय में जिला कमेटी एवं महरौनी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई.**

मुख्य मंडल प्रभारी श्री अली ने कहा कि आगामी 15 दिनों के भीतर सभी बूथ कमेटियों का गठन पूर्ण किया जाए. उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर नियमित बैठकें आयोजित कर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से संपर्क स्थापित किया जाए तथा पार्टी को मजबूत बनाने



के लिए आर्थिक सहयोग भी प्राप्त किया जाए. बैठक में रविक्रांत मौर्य, केहर सिंह गौतम, जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध कैलाश पाल, मुहम्मद खां, छोटेलाल प्रजापति, हाजी मोहम्मद फैयाज, कपूरचंद, ब्रजेश अहिरवार, प्रेमनारायण पाल, देवेंद्र मैनवार, धर्मेंद्र कुमार, राकेश कुशवाहा मौजूद थे.

## कामबंद हड़ताल कल से

**सागर.** नगर पालिक निगम कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर सभी कर्मचारी संगठनों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रहा. नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेश सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष शईदउद्दीन कुरैशी तथा कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने निगम प्रशासन पर कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की 13 सूत्रीय मांगों और विभिन्न समस्याओं के संबंध में निगम प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है.

# अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जुलाई. जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण के अल्पसंख्यक विभाग की बैठक कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई.**

बैठक में जिला प्रभारी अशरफ खान ने अल्पसंख्यक विभाग के नए जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया. उन्होंने उपस्थित दावेदारों से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी राय जानी. इस अवसर पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि इन विभागों और प्रकोष्ठों के माध्यम से सभी धर्म के लोगों को प्रतिनिधित्व मिलता है जो अपनी बात संगठन में रख




सकें एवं संगठन को विस्तार प्रदान कर सकें. शहर अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि पारदर्शी तरीके से योग्य कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी जाएगी. अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण मार्शल खान ने कहा कि मुस्लिम समाज हमेशा से कांग्रेस की विचारधारा का समर्थक रहा है. संचालन ग्रामीण संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी ने किया. आभार शहर अल्पसंख्यक अध्यक्ष गब्बर पठान ने माना. बैठक को मुकुल पुरोहित,विजय साहू, हरविंदर सिंह चावला, शहजाद अंसारी, यासीन खान, आजाद खान, वसीम खान ने भी संबोधित किया. स्वागत भाषण जैद खान ने दिया.

# शिक्षक ने नवाचार कर स्कूल को संवारा

नवभारत न्यूज

**रहली 6 जुलाई. एक शिक्षक जिसने अपने नवाचार से स्कूल की हर तरह से तस्वीर बदलने का पूरा प्रयास किया. जिसमें सहयोगी शिक्षकों को शामिल कर स्कूल की ऐसी तस्वीर तैयार की जिसे देखने के लिए लोग और अभिभावक स्वयं स्कूल पहुंचने लगे.**

एक शासकीय स्कूल भवन की दशा देखकर गांव के लोग अपने बच्चों को प्राइवेट और शहर के स्कूल भेज रहे थे अब गांव के लोग अपने बच्चों को स्कूल में ही पढाने के लिए तैयार हैं. अनेक वर्षों से इमलिया गाँव में पदस्थ रहते वहां अनेक प्रसंशनीय कार्य करते हुए शिक्षक अमित यादव ने सत्र 2025 में उच्च पद प्रभार लेकर ग्राम केलवाँश में पदस्थ हुए श्री यादव ने सहयोगी शिक्षकों के




सहयोग से स्कूल को साफ सुथरा बनाया. स्कूल में कुछ समय पहले बना बडा कक्ष जिसकी छत से बरसाती पानी रिसने के कारण क्लास लगाना मुश्किल था. छत बीचों बीच झोल खा गयी थी जिसे सुधारने पूरा लेंटर बदलने में कम से कम एक लाख का खर्चा होना था. शिक्षक अमित ने तात्कालिक व्यवस्था में मात्र पाँच हजार में छत के भराव क्षेत्र में एक होल करके पाईप के सहारे पूरी छत का पानी सुरक्षित बाहर कर पूरे भवन को सुरक्षित कर लिया और क्लास की सीलिंग दीवारों पर पुट्टी करायी और आकर्षक कक्ष तैयार करा दिये जिस कक्ष में बच्चों को बैठाने में डर लगता था. स्कूल में हर बच्चे के पास स्टैंडर्ड का स्कूल बैग है कर चढ़ी हुई किताबें हैं एक समान ड्रेस है सभी बच्चे कंप्यूटर स्क्रीन पर पढ़ाई करते हैं. शासकीय स्कूल में क्राफ्ट पेंटिंग सिखाई जाती है.



## सिख संगत का स्वागत

**ललितपुर.** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सचखंड एक्सप्रेस से अमृतसर स्थित गुरुद्वारा गुरु के महल से तख्तहजूर साहिब, नांदेड़ की यात्रा पर निकली सिख संगत का रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया. इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने गुरु का प्रसाद वितरित किया. इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, हरविंदर सिंह सलूजा, चरणजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह भाटिया, अमोल सिंह, अगमजोत सिंह, केदार सिंह पिंटू को सम्मानित किया. अध्यक्ष श्री सलूजा ने कहा कि ललितपुर की धरती पर सिख संगत का आगमन सौभाग्य की बात है.

# बाइक- ट्रैक्टर ट्राली टक्कर में 1 की मौत, तीन हुए गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

**बीना 6 जुलाई. नमो नमः चौपाटी के पास मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर ट्राली की जोरदार भिड़ंत हो गई. हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार पत्नी और 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए.**

हादसा जानकारी के अनुसार अजय अहिरवार पिता मौन सिंह अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ढांड रिटायरमेंट पार्टी करने के बाद ससुराल मगरधा जा रहे थे. चौपाटी के आगे अचानक उनकी मोटरसाइकिल ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई. टक्कर इतनी तेज थी कि अजय अहिरवार को गंभीर चोटें आई. उन्हें ई-रिक्शा से तुरंत बीना सिविल हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. हादसे में अजय की पत्नी श्रीमती पूजा अहिरवार उम्र 30 वर्ष, बेटा प्रिंस उम्र 8 वर्ष और बेटा देवांश उम्र 7 वर्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गए. तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर सागर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है. ट्रैक्टर चालक फरार, वाहन जप्त टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया.

पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त कर लिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है. सिविल अस्पताल में अजय अहिरवार का पोस्टमार्टम कराया गया. पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

# अस्पताल में समय पर ओपीडी नहीं पहुंचते कर्मचारी

नवभारत न्यूज
(मुकेश कौशिक)

**खुरई 6 जुलाई. पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने अपने सशक्त प्रयासो से खुरई के शासकीय अस्पताल को सम्पूर्ण सुविधाओं से सुसज्जित किया है जहां क्षेत्र के हर मरीज को इलाज हेतु बाहर भाग दौड़ न करना पड़े.**

अस्पताल में फ्री डायलेसिस मशीन, महिलाओं की फ्री सोनोग्राफी के साथ फ्री ब्लड सेपिंल देने पर 139 जांचें हो जाती है यही सोनोग्राफी के प्राईवेट में 900 रुपया और ब्लड जांच के 2 से 3



हजार रुपया लगते हैं, श्री सिंह के द्वारा शासकीय अस्पताल में हर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवायी गयी है. अस्पताल में पदस्थ अधिकारियों की घोर लापरवाहियों का दंश क्षेत्र की जनता निरंतर भुगत रही है, उल्लेखनीय है कि शासकीय अस्पताल में वो ही परिवार इलाज कराने जाते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है, किसी धन संपदा वाले व्यक्ति को इलाज कराते शासकीय अस्पताल में नहीं देखा होगा.

तंगहाल मरीजों को समय पर पर्ची कटवाने के लिए लम्बे समय तक ओपीडी के सामने लाईन में खड़ा देखा जाता है, इसका मुख्यत: कारण समय पर ओपीडी में कार्यरत कर्मचारी का अस्पताल न आना है. यही वजह है कि अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं में सुधार होने के संकेत नजर नहीं आ रहे हैं. मरीज, मर्ज का इलाज करवाने के लिए समय पर सुबह 9 बजे अस्पताल पहुंच जाते हैं. सोमवार के दिन देखा गया कि मरीज ओपीडी के सामने पर्ची कटवाने के लिए 9 बजे से लाईन में रहकर पर्ची काटने वाले का इंतजार करते रहे. जब अस्पताल के अन्य कर्मचारियों को इस बात का आभाष हुआ कि मीडिया से जुड़े व्यक्ति अस्पताल में मौजूद हैं तो फिर आनन,फानन में 9 बजकर 45 मिनट पर अन्य कर्मचारी पर्ची काटने का काम करने लगे. इसके उपरांत ब्लाक मेडीकल अधिकारी रामजी ठाकुर का दूर-दूर तक कहीं कोई पता नहीं था. अस्पताल के अंदर जहां मरीज भर्ती रहते हैं वहां की हालत दयनीय है, जिस पलंग पर मरीज भर्ती रहता है उस पर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाला चादर नदारद था, ब्लाक मेडीकल अधिकारी की लापरवाहियों की एक नहीं अनेक त्रुटियां हैं. देखने में यह स्पष्ट नजर आ रहा है, कसावट न होने से जहां ओपीडी कर्मचारी लापरवाह रहकर कार्य कर रहे हैं वहीं मुख्य गेट पर गंदगी पसरी रहती है. जहां से मरीजों का आना,जाना होता है.


## आम सूचना/आधार सुधार

मैं शपथकर्ता कंछेदी सेन पिता कल्लू सेन उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम रेंवझा तहसील रहली जिला सागर मध्यप्रदेश शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं कि मेरी पुत्री आरती सेन पुत्री कंछेदी सेन उम्र 17 वर्ष के आधार पंजीयन क्रमांक 706614825799 पर उसका नाम सोनम दर्ज है एवं परिवार समग्र आईडी क्रमांक 210337567 के सदस्य आईडी क्रमांक 104264018 पर पुत्री का नाम सोनम दर्ज है। यह कि मेरी पुत्री आरती सेन के जन्म प्रमाण पत्र पर पुत्री का नाम आरती सेन व स्कूली दस्तावेजों पर पुत्री का नाम आरती सेन दर्ज है। यह कि मेरी पुत्री के आधार पंजीयन पर दर्ज नाम सोनम के स्थान पर उसके जन्म प्रमाण पत्र व स्कूली दस्तावेजों के अनुसार आरती सेन दर्ज किया जाना आवश्यक है एवं मेरी पुत्री को अब आरती सेन के नाम से ही जाना जाए।

शपथ पत्र में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान से सही व सच है।

शपथकर्ता
कंछेदी लाल सेन